प्रमुख सचिव ने नवरत्न आदिवासी बालिका छात्रावास और जिला स्तरीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण

मंडला, देशबन्धु। प्रमुख सचिव श्री जान किंग्सली एआर ने बुधवार को नवरत्न आदिवासी सीनियर बालिका छात्रावास और आदिवासी जिला स्तरीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बालिका छात्रावास में लाईब्रेरी कक्ष, शयन कक्ष, स्नानागार, रसोई घर, डायनिंग हॉल, भंडार कक्ष का अवलोकन किया।

प्रमुख सचिव श्री जान किंग्सली ने छात्रावास में उपस्थित छात्राओं से उनका परिचय प्राप्त किया और छात्रावास की व्यवस्थाएं तथा पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। छात्राओं ने बताया कि उन्हें छात्रावास में रहकर पढ़ाई करना बहुत अच्छा लगता है, छात्रावास में सभी छात्राओं के द्वारा अनुशासन का पालन किया जाता है। छात्रावास में स्थित लायब्रेरी में छात्राएं पढ़ाई करती हैं। छात्राएं कम्प्यूटर कक्ष में कम्प्यूटर संबंधित विषयों का अध्ययन करती हैं। प्रमुख सचिव श्री जान किंग्सली ने छात्राओं की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। कु. मंजू मार्को ने बताया कि वह पढ़ाई करके डॉक्टर बनना चाहती हैं। वह कक्षा नवमी से छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही है। छात्रावास में उसे अच्छा भोजन, पढ़ाई के लिए समय, खेलकूद और लायब्रेरी का भी लाभ मिल रहा है। कु. नम्रता सैयाम ने बताया कि वह पढ़ाई करके इंजीनियर बनेगी। उसे तकनीकि ज्ञान में अत्यधिक रूचि है। छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने का उसे पूरा अवसर मिल रहा है।

प्रमुख सचिव श्री जान किंग्सली ने इसके बाद छात्रावास अधीक्षिका द्वय श्रीमती प्रभा गुमास्ता, श्रीमती मोहिनी कुशराम, से छात्रावास संचालन के संबंध में जानकारी ली। अधीक्षिका द्वय ने बताया कि छात्रावास में स्टॉफ की आवश्यकता है और छात्राओं के भोजन व्यवस्था के लिए प्रति छात्रा राशि की दर बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रमुख सचिव जान किंग्सली ने इसी प्रकार से आदिवासी सीनियर जिला स्तरीय उत्कृष्ट छात्रावास के निरीक्षण के दौरान छात्राओं को कम्प्यूटर का अध्ययन करवाने के निर्देश दिए। सभी छात्राओं के लिए एक सामूहिक हॉल बनाने को कहा। उन्होंने छात्राओं को बेहतर अध्यापन कर वार्षिक परीक्षाफल में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने को कहा। इस अवसर पर छात्राओं को जेईई एवं नीट की परीक्षाओं की तैयारियाँ कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग संतोष शुक्ला, मंडल संयोजक सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

बसनिया बांध निरस्त करने एसडीएम निवास को सौंपा ज्ञापन

मंडला,देशबन्धु। बसनिया बांध से कुल 31 गांव के लोग विस्थापित एवं प्रभावित होने वाले हैं। जिसमें निवास तहसील का चकदेही, कापा, पंडरीतलाई, नैझर,दरगढ, फरकी माल, सिवनी माल, बसगढी और मुरलापानी गांव शामिल है।कल मंगलवार को इन गांव के सरपंच, उप सरपंच, जनपद सदस्य और ग्रामीणों ने मिलकर एसडीएम निवास को भारत के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 244 में यह व्यवस्था है कि अनुसूचित क्षेत्रों के पांचवीं अनुसूची के धारा- 2 के अन्तर्गत राज्यों की कार्यपालन शक्ति शिथिल किया गया है अर्थात प्रशासनिक व्यवस्था में राज्यपाल को सर्वोच्च शक्ति एवं अधिकार दिया गया है। यह शक्ति संविधान के किसी भी प्रावधानों से मुक्त है।बताया गया है कि मंडला पांचवीं अनुसूची (आदिवासी क्षेत्रों की विशेष वयवस्था) के तहत वर्गीकृत है, जहां पेसा अधिनियम प्रभावशील है।इस बसनिया बांध परियोजना को लेकर प्रभावित ग्राम सभाओं ने विरोध में प्रस्ताव पारित कर सबंधित कलेक्टर को सूचित किया गया है।इसके बाबजूद भूमि अधिग्रहण के लिए प्रभावित विभिन्न गांवों के लिए धारा - 11 की अधिसूचना प्रकाशित करना, डूब में आने वाली शासकीय (निस्तार) भूमि के लिए ग्राम सभाओं से अनापत्ति पत्र की मांग करना और बांध सर्वे कार्य को आगे बढाया जा रहा है, जो आदिवासियों को पेसा नियम के तहत प्राप्त संवैधानिक अधिकारों का हनन है।पांचवीं अनुसूची और पेसा अधिनियम के तहत प्राप्त अधिकारों के दायरे में हमारी ग्राम सभा बांध बनाये जाने की स्वीकृति प्रदान नहीं करती है।अत: इस मामले में राष्ट्रपति महोदया से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए निरस्त करवाने की मांग की गई है। ज्ञात हो कि विगत दिनों घुघरी तहसील के प्रभावित ग्रामीणों ने भी एसडीएम को ज्ञापन दिया था।ज्ञापन देने के समय बसनिया (ओढारी) बांध विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष बजारी लाल सर्वटे,सरपंच चकदेही चैती बाई,

उप सरपंच चकदेही गौतम यादव,सरपंच नैझर रामचरण मश्राम ,उप सरपंच नैझर दसरी बाई, सरपंच सिवनी माल,जनपद सदस्य मनोज कुडापे, मुकदम चीमका टोला चंदन सिंह उईके, मुकदम दरगढ गुलाब सिंह परस्ते, राजेन्द्र कुलस्ते आदि शामिल थे।

वृद्ध को पड़ोसियों ने दी जान से मारने की धमकी

डिंडोरी, देशबन्धु। कोतवाली थाना अंतर्गत भैसलगान में सोमवार सुबह निस्तार के लिए जा रहे वृद्ध को जान से मारने की धमकी देने वाले चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को की गई षिकायत में फरियादी अमर दास नागेश पिता स्व. मीरू नागेश उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम भैंसलगान खुतमाल टोला थाना ने बतलाया कि सोमवार सुबह करीब छह बजे लोटा लेकर घर से निस्तार के लिये जा रहा था तभी मेरे घर के सामने पडोस में रहने वाले रिश्तेदार भाई समनू नागेश, रम्मू नागेश, आनंद नागेश, प्रमोद नागेश मिले रास्ते में मेरे घर के आगे पानी का पाइप लगा रहे रहे थे।

सार-समाचार

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज

मंडला,देशबन्धु। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी. सरोते ने जिले के लोगों के लिए एडवायजरी जारी की है कि 70 वर्ष से अधिक के सीनियर सिटीजन आयुष्मान योजना का लाभ उठायें। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष 5 लाख रूपये तक स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान करना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने योजना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को गुणवत्ता पूर्व सुलभ स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करना। जिससे उन्हें आर्थिक चिन्ताओं से मुक्त करते हुए एक स्वस्थ और सम्मान पूर्व जीवन जीने में सहायता मिल सके। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रीमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और से उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आय की परवाह किये बिना स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने की मंजूरी दी है एवं 29 अक्टूबर 24 को योजना का शुभारंभ हो चुका है। योजना हेतु पात्रता का निर्धारण केवल आधारकार्ड में दर्ज आयु के आधार पर किया जायेगा तथा पंजीकरण के लिए आधारकार्ड एवं समग्र फेमिली आई.डी. की आवश्यकता होगी। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को तहत एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जा रहा है। जो वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के है और उनके परिवार पहले से ही,क्क - के तहत कवर है, उन्हें अपने लिए अतिरिक्त 5 लाख तक की वार्षिक टॉप-अप कवरेज मिलेगी। जिसे वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों (जो 70 वर्ष से कम आयु के हैं) के साथ साझा नही करेंगे। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के अन्य सभी वरिष्ठ नागरिकों को पारिवारिक आधार पर रूपये 5 लाख तक की वार्षिक कवरेज मिलेगी। जो वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के है और केन्द्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान सेंट्रल आर्ल्ड पुलिस फोर्स जैसी अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठा रहे है। वे अपनी मौजूदा योजना या,क्क - क्क्ष्ठ्ठ में से किसी एक को चुन सकते हैं। किन्तु योजना चयन करने का विकल्प एक बार ही दिया जायेगा। यह स्पष्ट किया गया है कि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वे वरिष्ठ नागरिक जो निजी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत आते हैं, वे भी तहत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे।

न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन

मंडला, देशबन्धु। प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय अंजनिया ने बताया कि व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड भुआ बिछिया के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में शासकीय महाविद्यालय अंजनिया जिला मंडला में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विधिक जागरूकता से संबंधित विषयों पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मीनल गजबीर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भुआ बिछिया, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. एनके हरदहा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. घनश्याम झारिया, पैरालीगल वालेंटियर श्री तारेंद्र झारिया, न्यायिक स्टॉफ श्री दुर्गेश राणे, श्री मुकेश महोबिया तथा समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण भुआ बिछिया एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भुआ बिछिया द्वारा महाविद्यालय के संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सांत्वना पुरुस्कार प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर श्री राजकुमार सिंगौर डॉ. विजय मौर्य, डॉ. गरिमा छाबड़ा, डॉ. शोभना पटेल, श्री संतोष नंदा का सहयोग प्राप्त हुआ।

कमिश्नर आज मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर योजना भवन में बैठक लेंगे

मंडला, देशबन्धु। आयुक्त जबलपुर संभाग श्री अभय वर्मा ने बताया कि एक नवंबर 2024 को गोवर्धन पूजा का सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण मंडला जिले में रोल प्रेक्षक का प्रथम भ्रमण कार्यक्रम 7 नवंबर 2024 को संपन्न होगा। आप मंडला जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे, तत्पश्चात आप दोपहर 2 बजे जिला योजना भवन में समीक्षा बैठक लेंगे।

एनएच 30 पर हुए बड़े-बड़े गड्ढे, हादसे की आशंका

भुआ बिछिया, देशबन्धु। मंडला राष्ट्रीय राजमार्ग ह॥30 बनने के बाद से ही विवादों में रहा मार्ग निर्माण के दौरान आनन फानन में मार्ग निर्माण कराया गया जिसके परिणाम बनने के बाद से ही मार्ग के परखच्चे उड़ने चालु हो गए आज स्थिती यह है कि मंडला से लेकर छत्तीसगढ़ की सीमा तक मार्ग में बड़े 2 गड्ढे हो गए है भारी भरकम वाहनों की आवाजाही के साथ साथ टू वीलर 4 वीलर वाहन भी चल रहे है और इन्हीं गड्ढों के कारण वाहनों का संतुलन बिगड़ता है और दुर्घटनाएं हो रही हैं।

वहीं नगर के मध्य एनीकट पुल मार्ग पर ऊपर बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे हो गये है जिसके सुधार के लिए पूर्व मे भी ध्यान आकर्षण कराया गया था जहा कभी भी कोइ बड़ी दुर्घटना हो सकती है, राष्ट्रीय राज मार्ग शहर के अन्दर से होकर जाता हैं दिन रात राह गीरो का आवागमन बना रहता है नगर का मुख्य मार्ग होने के कारण हजारों वाहन टू विलर फोर व्हीलर जबलपुर रायपुर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग होने कारण बोहोत जायदा ट्राफिक होता है , वारिश का समय हो या सामान्य इन गढ्डों से गुजरने वाले वाहन त्रस्त है बारिश के समय गढ़ों पर पानी भरने से यह समझ नहीं आता ओर दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं बनी रहती है ऐसे समय मार्ग की दुर्दशा से आम जन त्रस्त है वही स्क्क्ष्ठ के अधिकारि भी इसी मार्ग से निकलते हैं मगर उन्हें मार्ग की हालत समझ मै नही आती जबकि देखा गया है की एनएच 30 का ऐक जिप्सी वाहन प्रतिदिन निकलता लेकिन उन्हे इस पुल के इतने बड़े बड़े गड्ढे दिखाई नही देते तो पूरे राष्ट्रिय राज मार्ग के क्या हाल होंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है आला अधिकारियों से जन अपेछा है की मार्ग की दुर्दसा पर ध्यान दें, और कोइ दुर्घटना हो इसके पूर्व सीघ्र सुधार कार्य कराएं ,अन्यथा कभी भी जन आक्रोश बढ़ सकता है।

ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, बच्ची की मौत

डिंडोरी, देशबन्धु । डिंडौरी में ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक माह की बच्ची की मौत हो गई। घटना शहडोल पड़रिया चौराहे पर बुधवार साढ़े 12 बजे की है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अस्पताल सब इंस्पेक्टर अशोक तिवारी ने बताया कि केरी टोला की महिला रानी परस्ते अपने पति सुनील के साथ घर से एक महीने की बेटी चित्राशी को लेकर बजाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने को लेकर आ रही थी। रायपुर से लकड़ी, लट्ठा लोड करके ट्रक (क्रमांक यूपी 70 एम टी 0505) से प्रयागराज के लिए जा रहा था। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पड़रिया चौराहे पर ट्रक से बाइक को टक्कर मार दी। इसमें एक महीने की चित्रांशी मां के हाथ से छिटक कर सड़क पर गिर गई। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर बलऊ को हिरासत में लिया है।

प्रमुख सचिव ने एसटीईएम प्रयोगशाला का किया निरीक्षण

लैब में छात्राओं से प्रयोग विधियों के बारे में जानकारी ली

मंडला, देशबन्धु। प्रमुख सचिव श्री जान किंग्सली ने बुधवार को रानी अवंती बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एसटीईएम प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। छात्राएं एसटीईएम प्रयोगशाला में भौतिक विज्ञान विषय पर विभिन्न प्रयोग कर रहे हैं। प्रमुख सचिव ने प्रयोगशाला में पृथ्वी के घूर्णन के कारण एवं आकार, क्रिया /प्रतिक्रिया, बिजली का चुंबकीय प्रभाव, रंग की प्रति छाया, ऊष्मा का अवशोषण सहित भौतिक विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों का अवलोकन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से उनकी प्रयोगविधि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने इस अवसर पर कन्या सीनियर छात्रावास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से उनकी पढ़ाई, भोजन और दिनचर्या के बारे में जानकारी ली। छात्राओं को खूब मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा जिससे वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किया जा सके। प्रमुख सचिव श्री जान किंग्सली ने छात्राओं को जेईई और नीट परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए कोचिंग दिलाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री संतोष शुक्ला, मंडल संयोजक श्री रंजीत गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

पत्रकार पूजा ज्योतिषी ने आनंदम दुआओं के घर में जरूरतमंदों की मदद के लिए सामग्री दान की

मंडला, देशबन्धु। मंडला जिले की पत्रकार सुश्री पूजा ज्योतिषी ने आनंदम दुआओं के घर में जरूरतमंदों की मदद के लिए सामग्री दान की। जिसमें वस्त्र, जूते-चप्पल, बैग और पर्स इत्यादि प्रमुख हैं। सुश्री पूजा ज्योतिषी ने मंडला जिले में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। उन्होंने जरूरतमंदों के लिए आनंदम दुआओं के घर में पांच बैग कपड़े दान की है। सुश्री पूजा ज्योतिषी से आनंदम में उपस्थित बच्चियाँ और महिलाएं कपड़े पाकर बहुत प्रसन्न हुई। उन्होंने कहा कि आनंदम से कपड़े पाकर हमको बहुत खुशी हुई है। सुश्री पूजा ज्योतिषी ने कहा कि आज मैंने स्वयं अपने और अपने परिवार के साफ सुधरे कपड़े आनंदम में दान किए हैं। जब जरूरतमंदों को कपड़े या उनकी जरूरत की सामग्री मिलती है तो उनके चेहरे में प्रसन्नता दिखती है। उन्होंने कहा कि मंडला जिले के हर संपन्न व्यक्ति को जरूरतमंदों की हरसंभव मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। आनंदम के क्वाडिनेटर विष्णु सिंगौर ने कहा कि पूजा ज्योतिषी ने कपड़े, जूते चप्पल, पर्स, बैग आनंदम में दान किए हैं। सारी सामग्री गुणवत्ता युक्त हैं, कपड़े व्यवस्थित धुलकर प्रेस किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार सुश्री पूजा ज्योतिषी ने जिस प्रकार आनंदम में कपड़े और सामग्री दान किए हैं वैसे ही आमजन से अपील है कि सम्पन्न लोग आनंदम में आकर जरूरतमंदों की मदद करने के लिए दान करें।

जनजातीय विद्यार्थियों की कक्षाओं में लगेंगे डिजिटल बोर्ड

मंडला, देशबन्धु। जनजातीय कार्य विभाग के अधीन विशिष्ट श्रेणी की शिक्षण संस्थाओं की कक्षाओं में डिजीटल बोर्ड लगाये जायेंगे। इसके लिये विभाग द्वारा तेजी से कार्यवाही की जा रही है।

जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि डिजीटल बोर्ड लगाने के लिये विभाग द्वारा ठोस कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि विभाग के अधीन संचालित सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में डिजीटल बोर्ड लगाने के लिये %केपिटल मद% से बोर्ड क्रय एवं स्थापन की कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार सभी विभागीय कन्या शिक्षा परिसरों एवं आदर्श आवासीय विद्यालयों में भी डिजीटल बोर्ड लगाये जायेंगे। इसके लिये %आकस्मिक मद% से धनराशि का प्रावधान बढ़ाने का प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया गया है।

सभी जनजातीय विकासखंडों में ई-लाइब्रेरी प्रारंभ की भी तैयारी-जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि प्रदेश के सभी 89 जनजातीय विकासखंड़ मुख्यालयों में ई-लाइब्रेरी भी प्रारंभ की जायेंगी। इसके लिये ई-लाइब्रेरी की क्रियान्वयन रूपरेखा एवं उपकरण स्थापना के लिये आवश्यकतानुसार धनराशि का मांग प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है। राज्य शासन से प्रस्ताव अनुमति एवं बजट आवंटन प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

पीवीटीजी छात्रावास भवन भी बनाये जायेंगे-जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि प्रदेश में बैगा, भारिया, सहरिया तीन विशेष रूप से कमजोर एवं पिछड़ी जनजातियां (पीवीटीजी) निवास करती हैं। इन जनजातियों के विद्यार्थियों को संभागीय मुख्यालय में रहकर पढ़ने की सुविधा प्रदान करने के लिये विभाग द्वारा पीवीटीजी छात्रावास भवन बनाने की कार्यवाही भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रथमत= जबलपुर एवं ग्वालियर में यह पीवीटीजी छात्रावास भवन बनाये जायेंगे। इसके बाद ऐसा ही एक पीवीटीजी छात्रावास भवन शहडोल संभागीय मुख्यालय में भी बनाने पर विचार किया जा रहा है।

मृतक की पत्नी से खून साफ कराने के मामले में मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

डिंडोरी, देशबन्धु। जिले में जमीनी विवाद को लेकर हुए ट्रिपल मर्डर केस में स्वास्थ्य विभाग का बेहद अमानवीय चेहरा सामने आने के बाद मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है।

आपको बता दें कि गाड़ासरई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जब मृतक धर्मसिंह के पुत्र शिवराज को घायल अवस्था में उपचार के लिए लाया गया था और अस्पताल में पुत्र की मौत हो गईं थी यहाँ मृतक की गर्भवती पत्नी का खून से लतपथ बेड साफ कराने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था इस मामले में मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर को नोटिस जारी कर सात दिनों के अंदर जबाब तलब किया है. गौरतलब है कि मृतक की पत्नी रोशनी पांच महीने की गर्भवती है। गौरतलब है कि गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत लालपुर गांव में बीती शाम जमीनी विवाद के चलते एक पक्ष के लोगों ने धारदार हथियारों से दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया था जिसमें पिता व उसके एक बेटे की मौके पर ही मौत हो गई थी तो वहीं दूसरा और तीसरा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

मंडला में सीवरेज परियोजना प्रगति पर

126 करोड़ रुपये लागत की योजना से 75 हजार आबादी को पहुंचेगा फायदा

मंडला, देशबन्धु। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधीन मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू के सहयोग से नर्मदा नदी के तट पर बसे मंडला नगर में सीवरेज परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।

राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप नर्मदा नदी के जल को स्वच्छ एवं निर्मल बनाये रखने के लिये मंडला में 125 किलोमीटर का सीवरेज नेटवर्क बिछाया जा चुका है। इस सीवरेज नेटवर्क से 13 हजार से अधिक घरों को जोड़ने की योजना भी समुचित कर ली गई है। मंडला नगर में मल-जल के निस्तार के लिये 9.50 एमएलडी क्षमता के मल-जल शोधन संयंत्र भी बनाये जा रहे हैं। परियोजना की खास बात यह है कि जल शोधन के बाद प्राप्त जल का उपयोग उद्यानिकी, तराई, अग्निशमन जैसे कार्यों में किया जायेगा। इस परियोजना से 75 हजार से अधिक की आबादी को सीधा लाभ पहुंचेगा। परियोजना के दस वर्ष के संचालन और संधारण के साथ मंडला सीवरेज परियोजना की लागत लगभग 126 करोड रूपये है। विभाग ने कार्य करने वाली एजेंसी को परियोजना के सभी कार्य तय समय में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।

19 जिलों में ट्रायबल मल्टी पर्पज मार्केटिंग सेंटर्स की स्थापना का प्रस्ताव भेजा

मंडला, देशबन्धु। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि देश के सभी जनजातीय बहुल गांवों के समग्र विकास एवं जनजातियों को देश में हो रहे चहुंमुखी विकास के प्रकाश का लाभ देने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में प्रदेश के 51 जिलों के 267 विकासखंडों में स्थित 11 हजार 377 जनजातीय बहुल गांवों का सर्वांगीण विकास किया जायेगा। इन 51 जिलों में 43 जनजातीय समुदायों के 18 लाख 58 हजार परिवार निवास करते हैं, जिनकी कुल 93 लाख 23 हजार आबादी इस अभियान से सीधे तौर पर लाभान्वित होगी।

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि अभियान में केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में 100 ट्रायबल मल्टी-पर्पज मार्केटिंग सेंटर्स (टीएमएमसी) या कहें जनजातीय ग्रामीण हाट बाजार% तैयार करने की योजना है। इसमें 'पहले आयें-पहले पायें' की तर्ज पर केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय को जिस राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश से सबसे पहले प्रस्ताव मिलेंगे, उन्हें प्राथमिकता से यह टीएमएमसी आवंटित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने इस दिशा में त्वरित एवं प्रगतिशील कदम उठाते हुए केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव को वित्त वर्ष 2024-25 में प्रदेश के 19 जिलों में एक-एक टीएमएमसी स्थापित करने का अधिकृत प्रस्ताव भेज दिया है।

प्रमुख सचिव, जनजातीय कार्य विभाग डॉ. ई. रमेश कुमार ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में राज्य सरकार की ओर से केन्द्र सरकार को प्रदेश के 19 जिलों में एक-एक टीएमएमसी (जनजातीय ग्रामीण हाट बाजार) स्थापना के लिये विधिवत् प्रस्ताव भेज दिया गया है। प्रस्ताव के अनुसार 19 जिलों में यह टीएमएमसी एक-एक करोड़ रूपये लागत से लगभग 2000 स्क्वायर मीटर लैंड एरिया में बनाये जायेंगे, जिसका बिल्ट-अप लैंड एरिया करीब 367.80 स्क्वायर मीटर होगा। प्रमुख सचिव डॉ. कुमार ने बताया कि यह टीएमएमसी राज्य सरकार के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित किये जायेंगे। टीएमएमसी की स्थापना के लिये धनराशि केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। टीएमएमसी में जनजातियों की पुरातन कला, संस्कृति के प्रतीक, शिल्पकारी, चित्रकारी, खिलौने, मिट्टी व बांस से निर्मित उत्पाद आदि का विक्रय भी किया जायेगा। इससे जनजातीय समुदाय को आजीविका के नये साधन मुहैया होंगे और इन्हें अतिरिक्त आय उपार्जन भी हो सकेगा। टीएमएमसी स्थापना का मुख्य उद्देश्य जनजातियों द्वारा एकत्रित की जाने वाली लघु वनोपजों व गैर लघु वनोपजों का एक ही छत के नीचे प्रदर्शन, इनकी गुणवत्ता संवर्धन एवं इन वनोपजों के विक्रय के लिये जनजातीय बंधुओं को स्थायी प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है।